भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 4172
उत्तर देने की तारीख: 27/03/2023

अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का पंजीकरण

†4172. श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः
श्री बिद्युत बरन महतोः
श्री प्रतापराव जाधव:
श्री सुधीर गुप्ताः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए विशिष्ट आईडी जारी करके पंजीकरण की एक नई अनिवार्य प्रणाली लागू करने पर विचार कर रही है;
(ख) यदि हां, तो इसके लक्ष्यों और उद्देश्यों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग क्या उच्च शिक्षा विभाग ने "एजुकेशन इंडिया" पोर्टल विकसित किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) उक्त पोर्टल की मुख्य विशेषताएं क्या हैं और इसके कब तक उपयोग के लिए तैयार होने की संभावना है; और
(ङ) क्या सरकार ने 'एजुकेशन इंडिया' पोर्टल के कार्यान्वयन के तौर-तरीकों पर चर्चा करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का नामांकन करने वाले उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ कोई बातचीत की है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा और परिणाम क्या हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (ङ): राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) **-2020** भारतीय शिक्षा प्रणाली के अंतर्राष्ट्रीयकरण पर जोर देती है और इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भारत में रहने और उच्च गुणवत्तापूर्ण और

कम लागत वाली मजबूत शिक्षा प्रणाली में अध्ययन के लिए आकर्षित करना है। एनईपी **2020** के अनुरूप**,** उच्चतर शिक्षा विभाग ने संबंधित मंत्रालयों के परामर्श से निम्नलिखित लक्ष्यों और उद्देश्यों के साथ एक पोर्टल विकसित किया है:

(i) अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए भारतीय शिक्षा प्रणाली की विशेषताओं का प्रदर्शन।

(ii) अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को अपना सामर्थ्य दिखाने के लिए भारतीय संस्थानों को एक कॉमन मंच प्रदान करना।

(iii) अधिक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भारत में पढ़ने के लिए आकर्षित करना।

(iv) अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का एक कॉमन डेटाबेस बनाना।

इस पोर्टल का आशय विदेशी छात्रों, जो अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को प्रवेश देने वाले शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेना चाहते हैं, के लिए एकल पोर्टल बनना है। यह पोर्टल अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भारत में उपलब्ध शैक्षिक अवसरों को तलाशने और देखने की सुविधा प्रदान करता है। कोई भी विदेशी छात्र जो भारत में अध्ययन करना चाहता है, उस पोर्टल पर पंजीकरण करना और आगे के संदर्भ के लिए एक विशिष्ट आईडी प्राप्त करना आवश्यक है।

यह पोर्टल भारतीय शैक्षिक संस्थानों को छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति के प्रावधानों के साथ अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को बेहतर अवसर भी प्रदान करता है। इस पोर्टल का उद्देश्य समय-समय पर छात्रों की विभिन्न श्रेणियों और उनकी प्रगति के डेटाबेस को बनाए रखना है। यह पोर्टल विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के विभिन्न निकायों जैसे विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ), वीजा जारी करने वाले प्राधिकरण, आप्रवासन एजेंसियों आदि के बीच संपर्क की सुविधा भी प्रदान करेगा।

इस विभाग ने सभी मंत्रालयों/विभागों और अन्य हितधारकों, के साथ परामर्श किया है, जो शैक्षिक संस्थानों का संचालन करते हैं और विदेशी छात्रों को प्रवेश प्रदान करते हैं/उनकी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। इस पोर्टल का नाम स्टडी इन इंडिया है। यह विभाग इस पोर्टल को अकादमिक वर्ष 2023-24 से क्रियान्वित करेगा।

*****